

हुनर हाट में रविवार को मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी और बलदेव सिंह।

# हुनर हाट

लखनऊ | विशेष संवाददाता

केन्द्रीय अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने उम्मीद जताई है कि उत्तर प्रदेश में राज्य अल्पसंख्यक आयोग, राज्य हज कमेटी, शिया व सुन्नी वक्फ बोर्ड आदि अल्पसंख्यक संस्थाओं में चेयरमैन व सदस्यों के रिक्त पदों पर जल्द ही योग्य व सक्षम लोगों की तैनाती की जाएगी।

रविवार को लखनऊ में हुनर हाट के समापन समारोह में शामिल होने आए नकवी ने हिन्दुस्तान से बातचीत में कहा कि यह राज्य सरकार का विषय है और उन्हें उम्मीद है कि जल्द ही यह सभी रिक्त पद भरे जाएंगे।

हुनर हाट के समापन के मौके पर उन्होंने कहा कि हाट में 29 लाख से ज्यादा लोगों ने आकर हुनर के पुश्तैनी दस्तकारों, शिल्पकारों की हौसलाअफजाई की है। वहीं करोड़ों रुपये की स्वदेशी उत्पादों की खरीददारी कर वोकल फॉर लोकल अभियान का लोग हिस्सा भी बने।

## सर्वाधिक बिक्री करने वाली इकाइयां सम्मानित

अवध शिल्प ग्राम में 23 जनवरी से रविवार तक आयोजित खादी महोत्सव-2021 में 470 लाख रुपये के खादी एवं ग्रामोद्योग उत्पादों की बिक्री हुई है। अपर मुख्य सचिव खादी एवं ग्रामोद्योग डा. नवनीत सहगल ने बताया कि महोत्सव में स्वराज्य आश्रम कानपुर, गांधी आश्रम लखनऊ और ग्राम सेवा संस्थान फतेहपुर खादी संस्थाओं को सर्वाधिक बिक्री के लिए क्रमशः पहला, दूसरा और तीसरा पुरस्कार दिया गया। स्वराज्य आश्रम ने 22.48 लाख रुपये, गांधी आश्रम ने 10.98 लाख रुपये व ग्राम सेवा संस्थान ने 6.48 लाख रुपये के खादी परिधानों की बिक्री है।

## अंताक्षरी के रंग

अवध शिल्प ग्राम में रविवार को आखिरी सांस्कृतिक शाम में बड़ी संख्या में दर्शक पहुंचे। रविवार को हुनर हाट के समापन में अभिनेता और एंकर अभिनव चतुर्वेदी और एंकर श्रुति ने अंताक्षरी खिलाकर पुरानी यादों को ताजा कर दिया।